तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 15 मई 2025

10 वुडस्टॉक स्कूल के 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों का परिणाम शानदार



10 ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर के बच्चों ने सीबीएसई....



## खबर संक्षेप

### पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ एक युवक काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गोहाना रोड सर्विस रोड पर एक युवक को काबू कर उसके एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ कर्मी गोहाना रोड पर गश्त कर रहे थे। सर्विस रोड पर एक युवक पुलिसकर्मियों को देख मुड कर जाने लगा था।

### साइबर ठगों ने 49 हजार की राशि ठगी

**कैथल।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने धोखाधड़ी करने के रूप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बलराज नगर कैथल के रमा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 12 सितंबर 2024 को एक अज्ञात आरोपी द्वारा धोखाधड़ी करते हुए उसे खाते से 33000 की राशि निकालवा ली। जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रंजिशन हमला करने पर चार नामजद

**जींद।** गांव धनखड़ी में जमीन विवाद के चलते हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिसा केस की जांच कर रही है। धनखड़ी निवासी रणदीप ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह प्लाट में दुकान बना रहा था। उसी दौरान उसके परिवार के ही कुलबीर व अन्य ने उस पर हमला कर दिया।

### तालाब से पेड़ काटने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** चीका पुलिस ने तालाब से पेड़ काटने के रूप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुहला सुमित ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि हरिगढ़ के नछतर सिंह और सुखविंदर सिंह नामक दो भाइयों ने तालाब के किनारे खड़े 20 सफेदे के पेड़ को बिना अनुमति के गैर कानूनी तरीके से काट दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में एक बाइक सवार की जान गई

**जींद।** गांव पालवां के निकट बाइकों की भिडंत में एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अवैध देसी कट्टा सप्लाई के मामले में आरोपित दबोचा

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एक असला सप्लायर को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 10 मई को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा थाना कलायत क्षेत्र रेलवे स्टेशन सजुमा की ओर जाने वाला रास्ता पर आरोपी गांव सजुमा निवासी रवि कुमार उर्फ राल को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से एक 315 बोर अवैध देशी कट्टा तथा दो कारतूस बरामद हुए थे।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव उझाना से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव उझाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 24 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### बाल विवाह करवाने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** थाना ढांड क्षेत्र में एक बाल विवाह करवाने के मामले की जांच थाना ढांड एसएचओ एसआई संजय कुमार की अगुवाई में एएसआई सुरेश कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी कल्याण नगर कालोनी ढांड निवासी अवलक व जिला कुरुक्षेत्र थानेसर निवासी रामेश्वर को गिरफ्तार कर लिया।

## बीमार बेटे को ठीक करने व घर में खजाना दबे होने का दिया झांसा

# तांत्रिक ने अपने चेलों के साथ मिलकर एक महिला से ठगे पच्चीस लाख रुपये

### महिला की हत्या के मामले मे वांछित है तांत्रिक को बेटा

**तांत्रिक समेत तीन लोगों पर धोखाधड़ी का केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों में तांत्रिक द्वारा बीमार लड़के को ठीक करने तथा घर में दबे खजाने को निकालने का झांसा देकर 25 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। तांत्रिक का चेला भी हत्या के मामले में वांछित है। शहर थाना सफीदों पुलिस ने बीमार लड़के की मां की शिकायत पर तांत्रिक, उसके चेले समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

सफीदों निवासी रजवंत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2024 मे कुछ लोग उसके घर पर आए थे। जिन्होंने हर समस्या तथा बीमारी के समाधान गारंटी के साथ का कार्ड दिया था। उसका छोटा बेटा बीमार रहता था। डाक्टरों से इलाज भी करवाया लेकिन कोई आराम नही हुआ। जिस पर उसने कार्ड पर दिए नंबर पर गुरू मलिक महेश नगर अबांला से संर्पक साधा। फोन रिसीव करने व्यक्ति ने खुद को कबीर बताया और समस्या को लेकर कई आश्वासन दिए। आरोपितों ने उन्हें अपने कार्यालय अंबाला बुला लिया। जब वे उनके कार्यालय पर पहुंचे तो बताया गया कि उनके घर में 11 घड़े धन के दबे हुए हैं। उनको निकालने तथा बेटे को ठीक करने के लिए पाकिस्तान से जादू टोने का सामान मंगाना पड़ेगा।

जिस पर 20 लाख रुपये खर्च आएगा। जिसके बाद कबीर कई बार उनके घर पर आया। उन्होंने 20 लाख रुपये जमीन बेच कर अरोपितों को दे दिए। तीन मई 2024 रात को कबीर, उसका पिता अकबर तथा चेला उनके घर पर आए। उन्हें एक कमरे मे बंद कर दिया। वे खुद दूसरे कमरे में फर्श तोड़ कर खुदाई करने लगे। कुछ समय के बाद उन्होंने कमरे में बुलाया और जमीन में गड़े तीन घड़े दिखाए। जिनका मुंह कपड़े से बंद था। उन्होंने कुछ जादू टोना किया और घड़ों का अल सुबह खोलने के लिए कहा। जिसके बाद आरोपितों ने पांच लाख रुपये और ले लिए। जिसके बाद आरोपित फरार हो गए। जिसके बाद उन्होंने बंद घडों को खोला तो उनमे कोयला भरा हुआ था। जिसके बाद आरोपितों ने उनसे 32 लाख रुपये की डिमांड शुरू कर दी और रुपये न देने पर घर मे मौत का भय दिखाया। कुछ समय के बाद कुछ पुलिस कर्मी उनके घर पर आए और खुद को सीआईए स्टाफ से बताया। पुलिसकर्मियो ने कबीर के बारे में पूछा। जब उन्होंने बताया कि कबीर व उसके साथियों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। जिस पर पुलिस कर्मियों ने बताया कि कबीर एक महिला की हत्या के मामले में वांछित है, उसे तलाशते हुए यहा पर पहुंचे है।

#### अमेरिका भेजने का झांसा दे हडपे साढ़े 35 लाख

**जींद।** गांव खांडा के युवक को अमेरीका भेजने का झांसा देकर साढ़े 35 लाख रुपये हडपने पर अलेवा थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, इम्मीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

गांव खांडा निवासी मंदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही रोशन ने बताया कि वह अमेरीका जाना चाहता है, तो वह भेज देगा। आरोपित के झांसे में आकर चार फरवरी 2023 को रोशन तथा उसके भतीजे को 15 लाख कुछ लोगों की मौजूदगी में दे दिए थे। नौ फरवरी 2023 तक अरोपितों को साढ़े 35 लाख रुपये दिए जा चुके थे। जिसके बाद छह फरवरी 2023 से 12 फरवरी तक दिल्ली रखा गया। जिसके बाद उसे थाईलैंड भेज दिया गया। 19 फरवरी तक वह थाईलैंड में रहा। जिसके बाद वह दिल्ली आ गया। बाद में उसे ताशकंद, दोहा, कतर, दोबारा थाईलैंड, लोस, वियतनाम, कंबोडिया भेजा गया। जिसके बाद वह दिल्ली लौट आया। फिर से उसे दस दिन के थाईलैंड भेजा गया। तीन नवंबर 2023 को वह वापस घर लौट आया। जिसके बाद आरोपितों ने दूसरे देश भेजने की बात कह कर उसका पासपोर्ट ले लिया। जब आरोपितों से रुपये वापस मांगे तो आरोपितों ने दोबारा से विदेश भेजने की बात कही। बाद में दोनों पक्षों के बीच पंचायत भी हुई। जिस पर आरोपितों ने उन्हें चैक दे दिया। जब बैंक में चैक लगाया गया तो उस नाम से खाता बैंक में नही मिला। तब उन्होंने दबाव डाला तो आरोपितों ने राशि देने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। अलेवा थाना पुलिस ने मनदीप की शिकायत पर रोशन, विकास गांव अहर निवासी प्रेम, नीलोखेड़ी निवासी अमित, गांव सिंदपुर निवासी करनाल निवासी अरूण के खिलाफ धोखाधड़ी, इम्मीग्रेशन एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### जमीन की सौदेबाजी कर 16 लाख हड़पे

**जींद।** गांव धडौली में जमीन की सौदेबाजी कर 16 लाख रुपये हड़पने तथा उसी जमीन का दूसरी पार्टी के साथ सौदा करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव धडौली निवासी धर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव के ही अजय से वर्ष 2022 मे सात कनाल 12 मरले जमीन का 18 लाख रुपये में सौदा किया था। 16 लाख रुपये का चैक अजय को देकर फुल पेमेंट एग्रीमेंट कर लिया था। जिसके बाद आरोपित उसके घर आया और पेमेंट चैक से न लेकर नगद देने के लिए कहा। जिस पर उसने गवाह की मौजूदगी में नगदी राशि 16 लाख रुपये आरोपित को दे दिए। तीन फरवरी 2023 तक रजिस्ट्री का समय निर्धारित किया गया। जिसके बाद शपथ पत्र के माध्यम से छह मार्च 2024 कर दी गई। बकाया राशि रजिस्टरी के दौरान दी जानी थी। आरोपित उसे रजिस्ट्री का समय देता रहा। जबकि आरोपित सौदा हुई जमीन को अगस्त 2022 मे परिवार की ही शन्नो के नाम करवा चुका था। अब आरोपित न तो उसकी राशि वापस दे रहा है और न ही जमीन की रजिस्ट्री करवा रहा है। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने धर्मबीर की शिकायत पर आरोपित अजय तथा शन्नो के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### मामले की जांच जारी

शहर थाना सफीदों पुलिस ने रजवंत कौर की शिकायत पर अंबाला निवासी कबीर, उसके पिता अकबर तथा उनके एक चेले के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर थाना सफीदों के जांच अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि महिला ने तांत्रिक समेत तीन लोगों पर 25 लाख ठगने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जा रही है।



कलायत। दूषित पानी की सप्लाई दिखाते वार्ड छह के लोग। फोटो :हरिभूमि

# दूषित पेयजल से जूझ रहे कलायत के वासी

- नलों में आ रहा गंदा और बदबूदार पानी लोगों की सेहत के लिए खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत शहर के वार्ड नंबर छह के लोग पिछले कई दिनों से दूषित पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। नलों में आ रहा गंदा और बदबूदार पानी लोगों की सेहत के लिए खतरा बनता जा रहा है। स्थिति यह है कि स्थानीय निवासी साफ पानी के लिए दूर-दराज के इलाकों से पानी लाने को मजबूर हो गए हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए वार्ड पार्षद प्रदीप राणा की आवासीय क्षेत्र के लोगों से महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें विश्व हिंदु परिषद जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल, राजेंद्र ब्यास, विक्रा राणा व अन्य लोग मौजूद रहे। इसमें चर्चा के बाद प्रदीप राणा ने जन स्वास्थ्य विभाग कनिष्ठ अभियंता रवि पूनिया से संपर्क साधा। तुरंत प्रभाव से संज्ञान लेते हुए विभाग की टीम मौके पर पहुंची और समस्या निवारण का प्रयास शुरू हुआ। प्रदीप राणा ने बताया कि जो पहलु सामने आए उसके अनुसार वार्ड से संबंधित पेयजल लाइन को नए सिरे से बिछाने की जरूरत है। विार्ड में पानी की आपूर्ति न सिर्फ अनियमित हो रही है बल्कि जो पानी मिल भी रहा है वह पूरी तरह से दूषित है। कई घरों में नलों से कीचड़ मिश्रित और बदबूदार पानी निकल रहा है। इसका उपयोग करना भी मुश्किल है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि कई घरों में बच्चों और बुजुर्गों को पेट की शिकायतें होने लगी हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द शुद्ध जलापूर्ति बहाल करने की मांग की। पार्षद प्रदीप राणा ने कहा कि जब तक समस्या का पूर्ण समाधान नहीं हो जाता वे लगातार अधिकारियों के संपर्क में रहेंगे। यह समस्या आमजन के जीवन स्तर से जुड़ा मुद्दा है। इसलिए इसका निवारण करना आवश्यक है।

#### जल्द होगा समाधान

कलायत जन स्वास्थ्य विभाग कनिष्ठ अभियंता रवि पूनिया ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्या का स्थायी हल होगा। विभाग विशेष प्लान बनाकर इस दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने लोगों से व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

# दुष्कर्म के जुर्म में बीस साल कारावास

- अदालत ने सजा के अलावा तीस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर यौन शोषण करने के जुर्म में दोषी को बीस साल का कारावास तथा तीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अदालत में चले अभियोग के अनुसार उचाना थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने 31 दिसंबर 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया की 30 दिसंबर रात उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। उचाना थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने लड़की को बरामद कर गांव खापड़ निवासी राकेश को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने राकेश के खिलाफ यौन शोषण तथा छह पाक्सो एक्ट की धारा ओर जोड़ दी थी। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। बुधवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. चंद्रहास की अदालत ने अपहरण तथा नाबालिग का यौन शोषण करने के जुर्म में राकेश को बीस साल का कारवास तथा तीस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# बीडीपीओ कार्यालय में मेट के साथ मनेरगा के कर्मचारियों ने मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के बीडीपीओ कार्यालय में मेट के साथ मनरेगा के कर्मचारियों ने मारपीट की। मारपीट में मनरेगा मेट गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल करवाया गया। जहां से उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए रोहतक पीजीआई भेजा गया। इसकी शिकायत मेट द्वारा पुलिस को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। झमोला गांव निवासी मनरेगा मेट मोतीराम ने बताया कि वह किसी काम के लिए बीडीपीओ कार्यालय पहुंचा था। वहां पर मौजूद मनरेगा जेई अश्विनी, बीएफ्टी खुशीराम, अकाउंटेंट सोनू ने कहा कि उसने उनकी उच्चाधिकारियों को शिकायत की है। इसी बात पर उसके साथ झगड़ा कर लिया और उसके साथ कार्यालय में लाठी डंडों से मारपीट की। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां से उसकी गंभीर अवस्था को देखते रोहतक पीजीआई रैफर किया गया। इसकी शिकायत जुलाना पुलिस को दी है।

### जमीन खरीद-फरोख्त में दस लाख रुपये की ठगी

**कैथल।** कैथल में जमीन की खरीद-फरोख्त में 10 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पंचकूला के एक व्यक्ति ने तितरम पुलिस को शिकायत दी है। आरोप है कि शेरगढ़ के एक व्यक्ति ने उससे जमीन बेचने के नाम पर रुपए ले लिए, लेकिन बाद में रजिस्ट्री नहीं करवाई। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।2023-24 में हुआ सौदापंचकूला निवासी सुभाष चंद ने तितरम थाना में दी शिकायत में बताया कि 2023-24 में दलीप नामक व्यक्ति उसे कैथल में 6 कनाल 7.8 मरले जमीन बेचने की बात कही। उसने इस भूमि को 3 करोड़ 99 लाख 37 हजार 500 में मूल्य पर खरीदने पर सहमति व्यक्त की।

# इंडस पब्लिक स्कूल में अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



इंडस पब्लिक स्कूल के प्राँगण में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रों एवं अभिभावकों के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजन किया । शुरूआत प्रधानाचार्या तनु पूनिया द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के तिलक लगाकर एवं फूलमालाएं पहनाकर स्वागत के साथ हुई। प्रधानाचार्या तथा सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जैसे ही रंग-बिरंगे फूल हवा में बिखरे, पूरा वातावरण गौरव, उल्लास और उपलब्धि की सुगंध से महक उठा। यह दृश्य अत्यंत भावविभोर कर देने वाला था।

पुष्पवर्षा के इस विशेष क्षण ने छात्रों और अभिभावकों के चेहरे पर प्रसन्नता की एक अद्भुत चमक भर दी। सभी अभिभावक, अपने बच्चों की सफलता पर गर्वित होते हुए, ढोल की थाप पर झूम उठे और पूरे माहौल को उत्सवमयी बना दिया। कक्षा दसवीं में कुश ने 98.4% अंकों से प्रथम स्थान, मानित सिंह ने 97.8% से द्वितीय तथा गीतेश ढांडा ने 97.2% से तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।



**खबर संक्षेप**

## मकान का ताला और सील तोड़ी, दो नामजद

**जींद।** अदालत के आदेश पर मकान की सील तोड़ कर कब्जा करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के मैनेजर मंशूल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि डीसी के आदेश पर मेला मंडी रोड पर वेद कौर के मकान को तहसीलदार तथा पुलिस की मौजूदगी में सील किया गया था।

## महिला से अश्लील हरकत बचाव करने वाले को पीटा

**जींद।** नरवाना शहर थाना इलाके में घर में घुस कर महिला से अशील हरकत करने, बचाव में आए व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलतः बरवाला निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि वह नरवाना आई हुई थी। उसी दौरान सुनील घर में घुस आया और अशील हरकत करने लगा था।

## शिक्षक संघ करेगा स्कूल मर्जिंग का विरोध

**जींद।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला प्रधान जितेन्द्र बैनीवाल ने कहा कि हरियाणा सरकार पॉलिसी के नाम पर स्कूलों को बंद करना चाहती है। एक तरफ तो सरकार दावा करती है कि हम किसी को रोजगार नहीं छीनेंगे लेकिन दूसरी तरफ स्कूल मर्जिंग के नाम पर स्कूलों से अध्यापकों के पद, मिड डे मील वर्कर, पार्ट टाइम स्वीपर आदि के अनेकों पद समाप्त करके रोजगार छीन रही है।

## चिन्हित अपराध के केसों के निपटान में तेजी लाएं

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में चिन्हित अपराध, पीसी-पीएनडीटी एक्ट, एससी-एसटी एक्ट सहित संबंधित केसों के बारे में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपरोक्त अधिनियमों के तहत दर्ज केसों की रिपोर्ट के साथ समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## आज मनाई जाएगी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक और किसान मसीहा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि 15 मई को जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के रूप में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के सिसौली गांव किसान भवन में मनाई जाएगी। इसके अलावा देश के हर प्रदेशों के गांव, कस्बों में स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर याद किया जाएगा।

## आपदा प्रबंधन में निभाएं अहम भूमिका : इमरान

**जींद।** उपायुक्त एवं सिविल डिफेंस के जिला कंट्रोलर मोहम्मद इमरान रजा ने आपदा प्रबंधन में नागरिक सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में जिलावासियों से नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में सिविल डिफेंस वालंटियर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है।

## सरकार ने पाक पर कार्रवाई कर लोगों का दिल जीता

**नरवाना।** जिला जींद पैक्स बैंक के चेयरमैन व भाजपा नेता विजय धीमान खरल प्रेस को जारी बयान में कहा कि सरकार ने पाक पर कार्रवाई कर लोगों का दिल जीत लिया है बड़ी आबादी चाहती थी कि पाक को सबक सिखाया जाए आर्मी के हौसलों को सराहना की कहा कि पहलगाम में मारे निर्दोषों के बदले सेना ने आतंकवादियों के ठिकाने को खत्म कर और आतंकवादियों को मार दिया गया।

## निकासी न होने से दूषित पानी बन रहा परेशानी

**नरवाना** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की अनदेखी के चलते धन्ना भक्त चौक पर गंदे पानी का तालाब बना है जब अखबार में खबर प्रकाशित हो जाती है तो पानी निकाल दिया जाता दो दिन बाद वही हाल हो जाता है ये कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को बदनाम करने का एक सोची समझी साजिश है।

---

### स्कूल निदेशक ने छात्रों को सफलता के लिए बधाई दी

# वुडस्टॉक स्कूल के 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों का परिणाम शानदार

## वुडस्टॉक स्कूल ने एक बार फिर जींद में परचम लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष भी वुडस्टॉक स्कूल के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए तथा अपनी कड़ी मेहनत और संकल्प का परिचय दिया है। वुडस्टॉक स्कूल ने एक बार फिर पूरे जींद जिले में शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराया है। सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में कला संकाय की छात्रा सानिया ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेडिकल संकाय की छात्रा मुस्कान ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा प्रिया ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। नॉन मेडिकल संकाय में ईशा ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चौथा स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय से मानसी ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पांचवा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं के ही कुल 79 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसके तहत 59 विद्यार्थियों ने प्रथम डिवीजन प्राप्त की तथा 22 विद्यार्थियों की मेरिट आई। इसी तरह दसवीं कक्षा के परिणाम में भी स्कूल का शानदार प्रदर्शन रहा। जिसमें कक्षा दसवीं के छात्र अरिंदम ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र दीपांशु ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा स्नेहा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा साइमा ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चौथा स्थान प्राप्त किया तथा छात्र तनुज ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पांचवा स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं के ही कुल 112 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसके तहत 85 विद्यार्थियों ने प्रथम डिवीजन प्राप्त की तथा 39 विद्यार्थियों की मेरिट आई। स्कूल प्रधानाचार्या सुकृति शर्मा ने कहा कि यह सफलता केवल अंक तक सीमित नही है। यह छात्रों के समर्पणए शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। स्कूल उपनिदेशक आशुतोष शर्मा ने सभी छात्रों से अपील की कि वे इस सफलता को आगे के करियर की नींव बनाएं और इसी जोश के साथ अपने भविष्य के लक्ष्यों की ओर कदम बढ़ाएं। स्कूल निदेशक डा. नरेंद्र नाथ शर्मा ने छात्रों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी।



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। सम्मान समारोह में बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## डीएन मॉडल स्कूल में सम्मान समारोह

**जींद।** 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का परिणाम में डीएन मॉडल स्कूल की छात्रा सरोज ने 494/500 अंक कला संकाय में प्राप्त कर हरियाणा में प्रथम स्थान तथा ओवरआल हरियाणा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 47 बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। बुधवार को विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पाई एकेडमी के निदेशक व गणित विषय के प्राध्यापक मनोज सिंधु ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नव प्रगती स्कूल डाहौला की प्राचार्या लाजवंती ढिल्लो ने की। विद्यालय की प्राचार्या राज रेढू ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व अन्य सभी मेहमानो स्वागत किया।

# गोपाल विद्या मंदिर के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विद्या भारती हरियाणा व हिन्दू शिक्षा समिति द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय के छात्रों ने कक्षा बारहवीं व दसवीं में उत्तम परीक्षा परिणाम प्राप्त कर अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया।

छात्रों को मिष्ठान्न खिलाते हुए प्रधानाचार्य अजय कौशिक व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों की तरफ से डा. प्रियदर्शी द्वारा पुष्पमाला पहनाकर छात्रों का स्वागत किया गया। भौतिक विज्ञान प्रवक्ता नरेंद्र ने जानकारी देते हुए कहा कि हर्षिता कॉमर्स संकाय की छात्रा ने 95 प्रतिशत अंक तथा दसवीं कक्षा में चेतना ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आर्ट संकाय की छात्रा अंशिका ने 94 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय में लक्ष्मी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी कड़ी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने पेंटिंग व आईटी में शत प्रतिशत अंक भी प्राप्त किए।



जींद। गोपाल स्कूल के होनहार छात्र। फोटो :हरिभूमि



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## सुप्रीम स्कूल ने रचा नया कीर्तिमान

**जींद।** सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाते बोर्ड परीक्षाओं में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। हाल ही में घोषित परिणामों में कक्षा 12वीं के 37 और कक्षा 10वीं के 30 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं के दिशिता ने मेडिकल स्ट्रीम में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। आदित्य ने आट्र्स स्ट्रीम में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान अर्जित किया। ज्योति ने कॉमर्स स्ट्रीम में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। रजत मान ने नॉन मेडिकल में 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत का लोहा मनवाया। कक्षा 10वीं में दर्शील ने 93.8 प्रतिशत अंक, देव ने 93.6 प्रतिशत अंक, सारिका ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## तनु नॉन मेडिकल स्ट्रीम में 91% अंक लेकर प्रथम

**राजौंद।** किठाना स्कूल ने बोर्ड परीक्षाओं में 100%परिणाम हासिल कर अपनी शैक्षिक श्रेष्ठता का प्रमाण दिया है। छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन से पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। स्कूल प्रधानाचार्या ढांडा ने बताया कि नॉन-मेडिकल स्ट्रीम की तनु ने 91 % अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, आंचल ने 85.2 % के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि हिमांशु ने 83.4, % के साथ तृतीय स्थान पाया है। आट्र्स स्ट्रीम की ज्योति ने 89.4 % अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, शुभम ने 88.4 % के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया अंकित ने 87.2 % अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि कॉमर्स स्ट्रीम से आरती ने 85 % के साथ प्रथम अभिषेक ने 84 % के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया,अंकित ने 83 % अंकों के साथ तृतीय स्थान पाया । नॉन-मेडिकल के 8 बच्चों में से 6 बच्चों ने और कॉमर्स के 11 बच्चों में से 6 बच्चों ने मेरिट और आट्र्स के 27 बच्चों में से 19 बच्चों ने मेरिट हासिल की है।

## राधा कृष्ण विद्यालय के विद्यार्थी छाए

**कैथल।** राधा कृष्ण विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड का 10वीं और 12वीं कक्षाओं का परिणाम घोषित हुआ जिसमें 12वीं कक्षा के 30 विद्यार्थियों और दसवीं कक्षा के 54 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे ।12 वीं कक्षा में विज्ञान संकाय से चरित्रा,कला संकाय से वर्षा, वाणिज्य संकाय से प्राची ने प्रथम स्थान हासिल किया और दसवीं कक्षा की प्रियांशु और स्वीटी ने प्रथम स्थान, खुशी द्वितीय और नीतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। 12वीं कक्षा में विषय अनुसार गणित में 99 ,हिंदी में 98, अंग्रेजी में 97, हिंदुस्तानी वोकल में 97, रसायन विज्ञान में 96 और इसी प्रकार दसवीं कक्षा के विषय अनुसार गणित में 98, हिंदी में 96, सामाजिक विज्ञान में 97, और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में 95 अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।



कैथल। राधा कृष्ण विद्यालय में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करती प्रधानाचार्या मीनू तथा एमडी लाभ सिंह लैलर। फोटो :हरिभूमि



छात्रा अर्शदीप कौर को प्राचार्या साधना बख्शी सम्मानित करते।

## अर्शदीप ने पाया अव्वल स्थान

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी की छात्र अर्शदीप कौर द्वारा बारहवीं में टॉप किए जाने पर प्राचार्या साधना बख्शी ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा अर्शदीप कौर ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। इसी संकाय में श्रेया ने 96.2 प्रतिशत, अंश मित्तल ने 96 प्रतिशत अंक, विज्ञान संकाय से अमृता ने 95 प्रशित अंक, कला संकाय में गरिमा बंसल ने 92.4 व चिकित्सा संकाय में कृतिका ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर में अपना स्थान बनाया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों के शानदार परिणाम से विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व स्टॉफ सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय प्राध्यापक विकास जैन भी मौजूद थे।

## एमडी स्कूल का परिणम शत-प्रतिशत

**राजौंद।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा 10वीं व 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया जिसमें एमडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद के छात्रों ने ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है । स्कूल प्रिंसिपल राजेश कुमार ने बताया कि 12 वीं कक्षा कॉमर्स स्ट्रीम में स्वाति ने 92.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान और तृप्ता ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कहा कि साइंस स्ट्रीम में निशा ने 90प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान और नीरू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । दसवीं कक्षा में माफी ने 97% अंकों के साथ प्रथम स्थान और श्रुति कुंडू ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि 12 वीं कक्षा के 57 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिनमें 23 बच्चों ने 75प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। 12 वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इसके साथ-साथ दसवीं कक्षा की परीक्षा 55 बच्चों ने दी जिनमें से 22 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।



बच्चों को नगद राशि देकर सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक देश राज चहल।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**राजौंद।** राजौंद के पुण्डरी रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ स्कूल में दसवीं व बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल में विद्यार्थियों व अध्यापकों व प्रबंधक कमेटी में खुशी का माहौल रहा। स्कूल प्रधानाचार्या सुजाता सिहाग ने बताया कि कक्षा बारहवीं में भूपेंद्र ने वाणिज्य संकाय में 82 प्रतिशत व खुशी ने कला संकाय में 77 प्रतिशत व विकास ने कला संकाय में 78.6 प्रतिशतव कशिश विज्ञान संकाय 75 प्रतिशत तथा दसवीं कक्षा में यशवीन 84 प्रतिशत स्नेहा ने 81 प्रतिशत साक्षी 77 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक रमेश राणा ने कहा की गुरुओं के सही मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की मेहनत से ही सफलता की सीढ़ी चढ़ी जा सकती है। रमेश राणा ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को बधाई दी व उच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया।



नरवाना। भ्रमण पर गए किसान। फोटो :हरिभूमि

## किसानों को लुवास में भ्रमण करवाया

**नरवाना।** पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्रए सच्चाखेड़ा में तीन दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान किसानों को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार में भ्रमण करवाया गया। जिसमें विश्वविद्यालय की तरफ से डाण योगेश बांगर और डा सज्जन सिंह उपस्थित रहे । डाण योगेश बांगर ने किसानों को बकरी की अलग अलग किस्मो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया कि पशु पालकों को बकरी पालन करने के बहुत फायदे हैं क्योंकि इसमें कम लागत से ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है। कहा कि बकरी पालने के लिए कम जगह की जरूरत होती हैए जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी यह काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बकरी पालन करने से पहले उनमें बीमारी आदि के बारे में जानना आवश्यक होता है।

# आरपीएस का सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में आरपीएस संस्था के 10वीं कक्षा के 1212 विद्यार्थियों ने 90 %से अधिक एवं 12वीं कक्षा के 572 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

आरपीएस के कक्षा 10वीं में ध्रुव 99.60 %, गार्गी दलाल ने 99.40 % व रिशिका, अमीषी, वसुंधरा, वंदिता, सुहानी, लक्षिता ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का शिखर छुआ तो वहीं 12वीं कक्षा के अनुष्का रॉय व पर्व ने 99, हर्षिता यादव ने 98.8 प्रतिशत, पवन ने 98.6 %, वैष्णवी पाण्डेय 98.6 % अंक प्राप्त कर अपनी सर्वश्रेष्ठता की अमिट छाप छोड़ी। आरपीएस संस्था सीईओं इंजि. मनीष राव ने बताया कि कक्षा 10वीं के 8 विद्यार्थियों ने 99 % से अधिक, 77 विद्यार्थियों ने 98 % से अधिक, 169 विद्यार्थियों ने 97 % से अधिक, 284 विद्यार्थियों ने 96 % से अधिक, 434 विद्यार्थियों ने 95 % से अधिक एवं 1212 छात्रों ने 90 % से अधिक अंक हासिल कर सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणामों में पूरे विश्व में आरपीएस की सर्वश्रेष्ठता की झलक बिखेरी तो, कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के 19 विद्यार्थियों ने 98 % से अधिक, 61 विद्यार्थियों ने 97 % से अधिक, 95 विद्यार्थियों ने 96 % से अधिक, 147 विद्यार्थियों ने 95 % से अधिक, 572 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे देश में अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम रोशन किया।



जींद। कर्मियों का स्वागत करते संगठन पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## लिपिक स्टाफ स्थानांतरण होकर पहुंचे जींद

**जींद।** हरियाणा रोडवेज जींद डिपो कार्यालय में बुधवार को कैथल, सोनीपत, रोहतक, फतेहाबाद, हिसार, पानीपत, झज्जर, करनाल और पंचकूला आगारों से लिपिक स्टाफ स्थानांतरण होकर जींद डिपों में अपना कार्य ग्रहण करने पहुंचे। हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। इस मौके पर अन्य डिपुओं से बदल कर आने वाले लिपिकों को संबोधित करते हुए राज्य प्रधान बलराज देशवाल ने विभिन्न डिपुओं से आए लिपिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें विभागीय व जनहित में परिश्रम व ईमानदारी के साथ अपना कार्य करते हुए विभाग में कार्यरत चालक-परिचालक, निरक्षक-उपनिरिक्षक तथा कर्मशाला से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता देते हुए करने का पर्यतन करें।

## हर बच्चे को शिक्षित बनाएं

**नरवाना।** डॉ भीम रावअंबेडकर सभा नरवाना के द्वारा किए जा रहे एक प्रयास के अनुसार भिन.भिन्न काम करते सभा के प्रधान वीरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि सभी स्कूलों के बच्चों की परीक्षा के परिणाम आ चुके हैं हमारी आपसे विनती है कि महंगे भाव से खरीदी पुस्तके मात्र 20 रुपये किलो के भाव से न बिकने पाए इसलिए जिन भी बच्चों के पास जो किताबें हैं जरूरतमंद बच्चों को दान के रूप में दे आपके द्वारा दिया दान किसी भी बच्चे की जिंदगी बदल सकता है कहा कि मान लिया यदि 4000 रुपये कीमत की किताबें रद्दी में 50 रू के भाव में बेच दी तो हम शिक्षित होते भी एक अनपढ़ के रूप में जाने जा सकते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार जींद।**

**संभव जैन पुत्र स्व० श्री अजीत जैन पुत्र स्व० श्री चतर सैन जैन निवासी तोपखाना मोहल्ला बैंक रोड, जीन्द तह० व जिला जीन्द।**

**बनाम**

**जरनल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी संभव जैन पुत्र स्व० श्री अजीत जैन पुत्र स्व० श्री चतर सैन जैन निवासी तोपखाना मोहल्ला बैंक रोड जीन्द तह० व जिला जीन्द बरूवे ट्रांसफर डीड नम्बर 7082 दिनांक 01.03.2017 तसदीक सबरजिस्ट्रार साहब जीन्द थे। जिसका प्रोपर्टी आई डी नम्बर 3KJ2CMG3 है इस जायदाद को विक्रय पत्र/ट्रांसफर डीड, स्वामित्व प्रमाण पत्र के पंजीकरण हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्राथी के पिता स्व अजीत जैन पुत्र चतर सैन जैन को स्वर्गवास दिनांक 06.03.2021 को हो चुका है व उनकी माठा सरला देवी पत्नी चतर सैन जैन का स्वर्गवास काफी साल पहले हो चुका है व उक्त मृतक स्व० अजीत जैन पुत्र चतर सैन जैन के स्वर्गवास उपरान्त उनके निम्न कानुनी वारसान हैं:- 1. नीरू जैन पत्नी 2. संभव जैन पुत्र 3. साक्षी जैन पुत्री स्व० अजीत जैने पुत्र चतर सैन जैन है। उपरोक्त के इलावा अन्य कोई वारसान नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस/इश्तहार के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस/इश्तहार के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय के कार्य दिवस पर अपना एतराज प्रस्तुत कर सकता है।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 09.05.2025को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

**सफलता** ध्रुव स्कूल के परम ने 95.2 प्रतिशत अंक लेकर पूंडरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया

# ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में रचा कीर्तिमान

12वीं कक्षा में मेडिकल संकाय में परम ने 95.2 % अंक प्राप्त कर टॉपर का स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रिंसिपल प्रवीण ढिल्लो ने बताया कि कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या उल्लेखनीय रही। 12वीं कक्षा में मेडिकल संकाय में परम ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर का स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अन्य छात्रों रीना ने अंग्रेजी में 95 प्रतिशत, अर्णव व खुशप्रीत ने 94 प्रतिशत, वेदांत ने 90 प्रतिशत, केमिस्ट्री में सिद्धि सिंगला ने 90प्रतिशत अंक प्राप्त किए। बायो विषय में पारस ने 90 व बिजनेस स्टडी में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। फिजिकल में खुसप्रीत, रीना, गुरप्रीत, सान्या व गुरलीन ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कम्प्यूटर में सिद्धि ने 95 प्रतिशत, सूचिता ने 90 प्रतिशत, हिंदी में वंशिका ने 96 प्रतिशत व आँचल ने 94 प्रतिशत प्राप्त किए। कक्षा 10वीं में हितेषी ने 97.2 प्रतिशत अंक लेकर पूरे हल्के में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिंदी में स्पर्श ने 96 प्रतिशत, तन्मय ने 92 प्रतिशत, कनिष्का ने 97 प्रतिशत, जानवीं ने 96 प्रतिशत, मन्नत ने 95 प्रतिशत, चेतन्य ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

गणित में स्पर्श ने 94 प्रतिशत, साइंस में आराध्य ने 94 प्रतिशत, स्पर्श 92 प्रतिशत व जानवीं ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंग्रेजी में माही ने 93 प्रतिशत, भव्य ने 92 प्रतिशत, स्वस्तिका ने 91 प्रतिशत, परिक्षिता ने 90 प्रतिशत, कृषणा ने 90 प्रतिशत व अक्षत ने 90 प्रतिशत व सोशल स्टडी में स्पर्श ने 94 प्रतिशत, चेतन्य ने 93 प्रतिशत, जानवीं ने 92 प्रतिशत व आराध्य ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की प्राचार्या प्रवीण ढिल्लो तथा संस्थापक मुकेश अहलूवालिया ने भी विद्यार्थियों व समस्त टीम को बधाई दी।



पूंडरी। अवल रही छात्रों के साथ प्राचार्य प्रवीण ढ़ील्लो। फोटो :हरिभूमि

Affiliation No. 530414
School Code 40402

।। ओ३म् ।।

Mob. 9729606705, 9729642632

# Indus Public School, Jind

Celebrating Milestones, Building Legacies......

## MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS XII (SESSION 2024-25)


Aditya (98%) (Medical) Distt. Topper


Nisha Saini (97.4%) (Non-Med.) Distt. Topper


Pulkit (97.6%) (Arts) 2nd in Distt.


Sheetal (96.6%) (Commerce) School Topper





### Stream Wise Highest


| | |
|---|---|
| Medical : 98% | Arts : 97.6% |
| Non- Medical : 97.4% | Commerce : 96.6% |




| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Vijeta (97.4%) | Ishika (97.2%) | Bhawna (96.8%) | Raghav (96.8%) | Uma Rani (96%) | Aarya (96%) | Sakshi (95.8%) | Neeti (95.8%) | Vrishchika (95.8%) | Vanshika (95.6%) | Nisha (95%) | Shubham (95%) | Yashika (95%) |




| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Shakshi (95%) | Aryaa Pahal (95%) | Anshika (94.4%) | Saniya Singla (94%) | Harshita (94%) | Virat (93.4%) | Riddhi (93.4%) | Vansh (93.4%) | Kanhiya (93.2%) | Gurjant (93.2%) | Rita Rani (93%) | Tannu (92.8%) | Sumit (92.6%) |




| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sonia (92.4%) | Pushkar (92.4%) | Manpreet (92.4%) | Ananya (92.2%) | Aryan (92.2%) | Muskan (91.8%) | Aryan (91.8%) | Neha (91.8%) | Anshul (91.6%) | Mahima (91.6%) | Yogesh (91.4%) | Vanshika (91.4%) | Himanshi (91.4%) |




| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Lavish (90.8%) | Khushbu (90.4%) | Kamaljeet (90.4%) | Samriti (90%) | Parul (90%) | Piyush (90%) | Aaradhya (90%) | Aditya (90%) | Gagan (89.4%) | Armaan (89.2%) | Akshita (89%) | Chirag (89%) | Tamanna (88.8%) |




| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Manya (88.8%) | Sourav (88.8%) | Vishakha (88.8%) | Sonam (88.8%) | Aashita (88.6%) | Eshan (88.4%) | Disha (88.4%) | Jagriti (88.4%) | Charmi (88.4%) | Mayank (88.2%) | Nitu (88.2%) | Kushal (88.2%) | Yashita (87.8%) |



| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Somi (87.8%) | Bhoomi (87.6%) | Ekta (87.4%) | Diksha (87.4%) | Priya (87.4%) | Rudra (87.2%) | Akshaj (87.2%) | Sneha (87%) | Nandini (87%) | Shivani (86.8%) | Mansee (86.6%) | Amulya (86.4%) | Ritu (86.4%) |



| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Deepshikha (86.2%) | Yogesh (86.2%) | Rishika (86%) | Alka (85.8%) | Rishika (85.4%) | Saksham (85.4%) | Anmol (85.2%) | Aadi (85.2%) | Aarushi (85%) | Garima (85%) | Chinku (85%) | Khushbu (85%) | Prince (85%) |



| | |
|---|---|
| Pranay (85%) | Manya (85%) |

**Indus Public School, Jind**
announces integrated program with
**Aakash Institute**
NEET, JEE & Foundation for Classes 9th to 12th
Contact: 9466476262, 9992034887

Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations

**Congratulations!**
**Parents, Staff and Students for Commendable performance.**

| Above 95% | Above 90% | Above 80% | Above 75% |
|---|---|---|---|
| 19 | 51 | 136 | 178 |

Affiliation No. 530414
School Code 40402

।। ओ३म् ।।

Mob. 9729606705, 9729642632

# Indus Public School, Jind

Exceeding Expectations, Achieving Excellence..... चक दिते फट्टे

## MERITORIOUS STUDENTS OF CLASS X (SESSION 2024-25)




Yashika (99.2%) District Topper | Suryansh (99.2%) District Topper | Arvind (98.6%) 2nd in District | Akshay (98.4%) 3rd in District | Ansh (98.4%) 3rd in District





### Subjectwise Highest


| | | |
|---|---|---|
| Maths : 100 | IT : 100 | Hindi : 99 |
| S.St. : 100 | Science : 100 | English : 99 |




Himanshu (98%) | Tanmay (98%) | Siya Jain (97.8%) | Divya (97.8%) | Hanshika (97.6%) | Amogh (97.6%) | Jivika (97.4%) | Disha (97.4%) | Aryan (97%) | Tushar (96.6%) | Gunjan (96.6%) | Isha (96.4%) | Jatin (96.4%)




Poorva (96.4%) | Aradhya (96.4%) | Paryan (96.2%) | Shubham (96%) | Siddharth (95.8%) | Samridhi (95.8%) | Radhika (95.6%) | Annu (95.4%) | Rubal (95.4%) | Manu (95.4%) | Saksham (95.4%) | Gourav (95.4%) | Yashika (95.4%)




Dushyant (95.2%) | Aatish (95%) | Bhumika (95%) | Komal (95%) | Pulkit (95%) | Sidharth Soni (95%) | Krish (95%) | Shreyas (95%) | Palak (95%) | Ronit (94.4%) | Sammi (94.4%) | Kapish (94%) | Rishika (94%)




Yuvraj (94%) | Akshit (93.6%) | Anshu (93.6%) | Janak (93.4%) | Karan (93%) | Lavish (93%) | Ekta (93%) | Anushka (92.8%) | Anushka (92.8%) | Kavya (92.6%) | Raghav (92.6%) | Lavanya (92.2%) | Akshit (92.2%)



Sakshi (92.2%) | Sanyam (92%) | Kashvi (92%) | Saksham (91.8%) | Aditya (91.8%) | Kushal (91.6%) | Vansh (91.6%) | Mrinalini (91.4%) | Deepanshu (91.4%) | Shaurya (91.4%) | Tanya (91.4%) | Daksh (91.2%) | Jatin (91.2%)



Prachi (91%) | Yash (90.8%) | Daksh (90.8%) | Niket (90.8%) | Shubh (90.8%) | Yashasvi (90.8%) | Elina (90.6%) | Alesh (90.6%) | Bhawna (90.4%) | Sachin (90.4%) | Arpit (90.4%) | Namita (90.4%) | Tanisha (90.2%)



Aditya (90.2%) | Aryan (90%) | Anjali (90%) | Priyal (90%) | Harshita (90%) | Anchal (90%) | Yashika (90%) | Aryan (90%) | Parteek (90%) | Harleen (90%) | Yashovardhan (90%)

## Indus Public School, Jind

announces integrated program with

**Aakash Institute**

NEET, JEE & Foundation for Classes 9th to 12th

Contact: 9466476262, 9992034887

Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations

**Congratulations!**
**Parents, Staff and Students for Commendable performance.**

| Above 95% | Above 90% | Above 80% | Above 75% |
|---|---|---|---|
| 40 | 94 | 184 | 220 |